मॉडल प्रश्न पत्र 2026–27

कक्षा – XII

विषय – लोक प्रशासन (Public Administration)

समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश :

1.प्रश्न पत्र को चार खंडों में विभाजित किया गया है।

2.कुल 42 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3.खंड–A में प्रश्न संख्या 1 से 24 तक हैं। इनमें बहुविकल्पीय, एक शब्द/वाक्य, रिक्त स्थान प्रकार के प्रश्न शामिल हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

4.खंड–B में प्रश्न संख्या 25 से 32 तक हैं। ये अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों मे होना चाहिए।

5.खंड–C में प्रश्न संख्या 33से 37तक हैं। ये लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों मे होना चाहिए। दो प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।

6.खंड–D में प्रश्न संख्या 38 से 42 तक हैं। ये दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में होना चाहिए। दो प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।

## खंड – A

(निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए)

प्रश्न 1. अध्यक्षात्मक व्यवस्था पाई जाती है – (1)

A) भारत में

B) इंग्लैंड में

C) स्विट्जरलैंड में

D) संयुक्त राज्य अमेरिका

प्रश्न 2.संसदीय कार्यपालिका का प्रचलन है- (1)

A)भारत में

B)श्रीलंका में

C)फ्रांस में

D) संयुक्त राज्य अमेरिका में

प्रश्न 3.भारत का वास्तविक प्रशासक है- (1)

A)राष्ट्रपति

B)प्रधानमंत्री

C)उपराष्ट्रपति

D)इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 4. भारत का राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र देता है – (1)

A) उपराष्ट्रपति को

B) प्रधानमंत्री को

C) लोकसभा के स्पीकर को

D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न5: भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत राज्य अपनी संचित निधि को जमानत (प्रतिभूति) पर रखकर ऋण ले सकते हैं? [1]

A) अनुच्छेद 363

B) अनुच्छेद 293

C) अनुच्छेद 295

D) अनुच्छेद 310

प्रश्न 6. वित्त आयोग को नियुक्त किया जाता है – (1)

A) मुख्यमंत्री द्वारा

B) उपराष्ट्रपति द्वारा

C) राष्ट्रपति द्वारा

D) प्रधानमंत्री द्वारा

प्रश्न 7. सर्वोच्च न्यायालय का अध्यक्ष होता है- (1)

A) मुख्य न्यायाधीश

B) राज्यपाल

C) राष्ट्रपति

D) प्रधानमंत्री

प्रश्न 8.राज्य में राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों को नियुक्त कौन करता है?

A)मुख्यमंत्री

B)गृहमंत्री

C)राज्यपाल

D)राष्ट्रपति

प्रश्न 9. यह कथन किस विद्वान का है -"भर्ती संपूर्ण लोक कर्मचारियों के ढांचे की आधारशिला है"- (1)

A) विलोबी

B) न्यूमैन

C) स्टॉल

D) लूथर गुलिक

प्रश्न 10. भारत में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का पद किस देश से ग्रहण किया गया है? (1)

A) फ्रांस

B) भारत

C) ब्रिटेन

D) जर्मनी

प्रश्न 11. वास्तविक प्रारूप में लोक निगम का जन्म किस वर्ष से माना जाता है? (1)

A) 1927
B) 1937
C) 1952
D) 1965

प्रश्न 12. विभाग के आधार के रूप में चार ‘P’ का विचार किसने दिया है? (1)

A) एम.पी. शर्मा

B) लूथर गुलिक

C) एल.डी. व्हाइट

D) मार्शल डिमॉक

प्रश्न 13. बजट शब्द की उत्पत्ति किस देश में हुई? (1)

A) इंग्लैंड

B) अमेरिका

C) यूनान

D) फ्रांस

प्रश्न 14. निम्न में से प्रशिक्षण की पारंपरिक तकनीक कौन-सी है? -(1)

A) रोल प्लेइंग

B) भ्रमण

C) केस पद्धति

D) भाषण पद्धति

प्रश्न15 . पंचायती राज की सर्वोच्च इकाई कौन सी है? - (1)

A) पंचायत समिति

B) विधानसभा

C) जिला परिषद

D) ग्राम सभा

प्रश्न 16. विभाग का प्रशासकीय अध्यक्ष होता है – (1)

A) सचिव

B) संयुक्त सचिव

C) स्पीकर

D) प्रधानमंत्री

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों/वाक्यों में दीजिए)

प्रश्न 17. कार्यपालिका का अर्थ बताइए? (1)

प्रश्न 18. भारतीय राष्ट्रपति की कोई एक आपातकालीन शक्ति बताएं। (1)

प्रश्न 19. सेवाकालीन प्रशिक्षण का एक लाभ लिखें। (1)

प्रश्न 20 सार्वजनिक निगम की कोई एक विशेषता लिखें। (1)

(रिक्त स्थान भरिए)

प्रश्न 21. संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों का कार्यकाल _______ वर्ष होता है। (1)

प्रश्न 22 ……………. सार्वजनिक वित्त पर नियंत्रण रखता है। (1)

प्रश्न 23. मौलिक अधिकारों की रक्षा ………….के द्वारा की जाती है।(1)

प्रश्न 24 ग्राम सभा की वर्ष में काम से कम ………….बैठकें होनी आवश्यक हैं।(1)

खंड – B (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 25. राष्ट्रपति की चुनाव प्रणाली के दो दोष लिखें। (2)

प्रश्न26. भर्ती की सकारात्मक अवधारणा से क्या तात्पर्य है?(2)

प्रश्न 27. मंत्री परिषद और मंत्रिमंडल में दो अंतर लिखें? (2)

प्रश्न 28. अच्छी पदोन्नति हेतु आप कोई दो सुझाव दीजिए? (2)

प्रश्न 29. पंचायती राज के दो उद्देश्यों का वर्णन करें। (2)

प्रश्न 30. लोक प्रशासन में 'प्रशिक्षण' से आप क्या समझते हैं? (2)

प्रश्न 31 भर्ती प्रणाली की कोई दो समस्याएं लिखें?(2)

प्रश्न 32. मुख्य कार्यपालिका की किन्हीं दो शक्तियों का वर्णन करें? (2)

खंड – C (लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 33. संघ लोक सेवा आयोग के किन्हीं तीन कार्यों का वर्णन करें। (3)

अथवा।

## प्रश्न: संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) को भारत में 'लोक सेवाओं का प्रहरी' क्यों माना जाता है? स्पष्ट करें।

प्रश्न 34. भारत में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की स्थिति का वर्णन करें। (3)

प्रश्न 35. विभाग के मुख्य आधारों का वर्णन करें। (3)

प्रश्न 36. प्रशिक्षण के किन्ही तीन तरीकों का उल्लेख कीजिए। (3)

प्रश्न 37. वरिष्ठता के सिद्धांत के तीन गुण लिखिए। (3)

अथवा

कार्मिक प्रशासन में पदोन्नति के महत्व का वर्णन कीजिए।

खंड – D (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 38. मंत्रिमंडल के कार्यों का वर्णन करें। (5)

प्रश्न 39. सर्वोच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का वर्णन करें। (5)

अथवा

सर्वोच्च न्यायालय को भारतीय संविधान का 'संरक्षक' और 'अंतिम अपीलीय न्यायालय' क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 40. पंचायती राज व्यवस्था के महत्व एवं चुनौतियों का मूल्यांकन कीजिए। (5)

प्रश्न 41. संसद लोक निगमों पर किस प्रकार नियंत्रण रखती है ?व्याख्या कीजिए। (5)

प्रश्न 42.बजट क्या है? इसके प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।(5)

अथवा

भारत में बजट को कैसे पास किया जाता है ? व्याख्या करें।